दैनिक
राष्ट्रीय प्रस्तावना
गाँव से गवर्नेन्स तक

लखनऊ, रायबरेली, इलाहाबाद,आजमगढ़, झांसी, एटा,औरैया, अमेठी,बलरामपुर, फतेहपुर, बांदा, उन्नाव, लखीमपुर, मुरादाबाद, कन्नौज, बाराबंकी, सीतापुर,जौनपुर,श्रावस्ती,उरई,जालौन, फिरोजाबाद,हरदोई, मथुरा,कानपुर,ललितपुर, गोण्डा, सहारनपुर,सिद्धार्थनगर,सन्तकबीरनगर, नोयडा सहित प्रदेश के समस्त क्षेत्रों में बहुप्रसारित

वर्ष : 9 अंक 326 | लखनऊ,रविवार , 14 जून , 2020 | पृष्ठ : 8 | मूल्य : 2.00

शहर के बैज्ञानिक के शोध-अध्याय ने विश्व-स्तर पर सर्वोच्च दृश्यता हासिल की



लखनऊ। स्कूल ऑफ मैनेजमेंट साइंसेज, लखनऊ (संबद्ध- अब्दुल कलाम तकनीकी विश्वविद्यालय) के लिए अत्यन्त गर्व और खुशी की बात है, कि प्रो. भरत राज सिंह, महानिदेशक (तकनीकी), एस.एम.एस. के अध्याय शीर्षक- ÷ग्लोबल वार्मिंग के प्रभावों का जलवायु परिवर्तन पर अध्ययन- समुद्र स्तर में वृद्धि और आपदा आवृत्ति÷ जो उनकी संपादित पुस्तक- ग्लोबल वार्मिंग- प्रभाव और भविष्य की संभावनाएं का एक चैप्टर है, विश्व स्तर पर बहुत लोकप्रिय हो गया है। उनके इस शोध कार्य ने 6584 से अधिक की उच्च पहचान (दृश्यता) प्राप्त की और वैज्ञानिक समुदाय के भीतर प्रभावी पैठ बनाई है। यह भी उल्लेखनीय है कि इस शोध ने दुनिया भर में शोधकर्ताओं के उनके स्वयं के प्रोजेक्ट्स को विकसित करने के लिए एक उदाहरण स्थापित किया है । इन्टेक-ओपन पब्लिशर्स, यूनाइटेड-किन्गडम के द्वारा, प्रो. सिंह को उनकी उक्त प्रकाशित शोध की विश्वस्तर की उपलब्धियों के लिए काफी सराहना तथा बधाई प्रदान की गयी है।